# हरियाणा विधान सभा

**वीरवार, 18 मार्च, 2021**

*को होने वाली हरियाणा विधान सभा की बैठक में पूछे जाने वाले*

## तारांकित प्रश्न

---

### मार्किट कमेटी के नए भवन का निर्माण

***771. श्री बलबीर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि इसराना विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में मार्किट कमेटी मतलौडा का भवन बहुत पुराना तथा क्षतिग्रस्त है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त मार्किट कमेटी के नए भवन का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका निर्माण कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

### औद्योगिक अपशिष्ट जल को रोकना

***820. श्री चिरंजीव राव, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र, राजस्थान से धारूहेड़ा तक आने वाले औद्योगिक अपशिष्ट जल को रोकने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है जो राष्ट्रीय राजमार्ग–98 को अवरूद्ध करता है तथा धारूहेड़ा के लोगों तथा यात्रियों के लिए असुविधा का कारण बनता है; यदि हां, तो उपरोक्त प्रस्ताव के कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

---

### हड्डा रोडी का निर्माण करना

***938. श्री शमशेर सिंह गोगी, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या असंध में हड्डा रोडी के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक निर्मित किए जाने की संभावना है?

---

### साईकलिंग ट्रैक का निर्माण करना

***1007. श्री सुभाष सुधा, एम०एल०ए० :** क्या खेलकूद एवं युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या थानेसर में (द्रोणाचार्य स्टेडियम के पास) राजस्व विभाग की खाली जमीन पर साईकलिंग ट्रैक का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उक्त जमीन को खेल विभाग को स्थानांतरित कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ख) उक्त साइकलिंग ट्रैक का निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है ?

---

## सरकारी नौकरी प्रदान करना

***760. श्री सुभाष गांगोली, एम०एल०ए० :** क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या शहीद श्री कप्तान सिंह, एस.पी.ओ., जिन्होंने बुटाना, जिला सोनीपत में पुलिस गश्त के दौरान अपनी जान न्यौछावर कर दी है, के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके कब तक प्रदान किए जाने की संभावना है ?

---

## 100–100 वर्ग गज के प्लॉट आबंटित करना

***872. श्री ईश्वर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या राज्य में ग्रामीण क्षेत्र में अनुसूचित जाति के लोगों के लिए 100–100 वर्ग गज के प्लॉट आबंटित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उक्त प्लॉटों को कब तक आबंटित किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

## सड़कों की मरम्मत

***923. श्री बिशन लाल सैनी, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि सरकार द्वारा निम्नलिखित सड़कों की मरम्मत कब तक किए जाने की संभावना है :–

(1) एस.के. सड़क के गांव तिगरा, तिगरी वाया गांव दुसानी;

(2) रादौर जठलाना सड़क के गांव कंडरौली वाया गांव पोटली;

(3) रादौर–जठलाना सड़क के गांव गुमथला, गांव रजेहड़ी वाया गांव फतेहगढ़;

(4) रादौर–मुस्तफाबाद सड़क से खेड़ी लख्खा सिंह, गांव भागुमाजरा;

(5) गांव जोडियां–हरनौल से गांव गोलनपुर;

(6) सहारनपुर–कुरूक्षेत्र सड़क से गांव छप्पर;

(7) गांव मण्डेबरी से गांव मेहरामपुर वाया फुन्सगढ़; तथा

(8) रेलवे स्टेशन मुस्तफाबाद से छप्पर सड़क?

---

## सड़क का विस्तार करना

***748. डॉ० कृष्ण लाल मिढ़ा, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या जीन्द से कैथल वाया नगूरां/किठाना तक सड़क का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका विस्तार कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

## यमुना नदी पर एक बांध का निर्माण करना

***1028. श्री दीपक मंगला, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि पलवल एक कृषि प्रधान क्षेत्र है परन्तु यहां कृषि के लिए पर्याप्त पानी नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या पलवल में कृषि के लिए पानी की मांग को पूरा करने के लिए यमुना नदी पर बांध के निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

---

**सीवरेज लाईन का कार्य पूरा करना**

***1077. श्री नरेन्द्र गुप्ता, एम०एल०ए० :** क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) सरकार द्वारा खेरी पुर, फरीदाबाद से मिर्जापुर एस.टी.पी. तक सिवरेज लाईन बिछाने का कार्य किस ठेकेदार को आबंटित किया गया है तथा उपरोक्त कार्य के कब तक पूरा किये जाने की संभावना है;

(ख) राज्य में शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा उपरोक्त ठेकेदार को आबंटित सभी अन्य कार्यों का ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या उपरोक्त ठेकेदार ने सरकार के खिलाफ किसी मामले में न्यायालय से स्टे लिया हुआ है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

---

**खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित करना**

***1035. श्री अमित सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या बागबानी मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या जिला सिरसा में अबूबशहर गांव में वैक्सिंग और ग्रेडिंग प्लांट के साथ–साथ खाद्य प्रसंस्करण केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

---

**खेल स्टेडियम का दर्जा बढ़ाना**

***1013. श्री हरविन्द्र कल्याण, एम०एल०ए० :** क्या खेलकूद तथा युवा मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या घरौंडा खेलकूद स्टेडियम का दर्जा पर्याप्त आवश्यक आधारभूत अवसंरचना के साथ, उप–मण्डल स्तर के स्टेडियम के रूप में बढ़ाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

---

**आवास सुविधाएं उपलब्ध करना**

***1040. श्री विनोद भयाणा, एम०एल०ए० :** क्या गृह मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी जिले में पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आवास की सुविधा नहीं है; तथा

(ख) यदि हां, तो पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए आवास का प्रबंध कब तक किए जाने की संभावना है ?

---

## पैट ट्रांसफार्मर लगाना

***962. श्री सीता राम यादव, एम०एल०ए० :** क्या बिजली मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या अटेली विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के सभी ऐपी फीडरों में पैट ट्रांसफार्मर लगाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा उक्त ट्रांसफार्मर कब तक लगाए जाने की संभावना है?

---

## हरियाणा के निवासियों को 75 प्रतिशत नौकरी उपलब्ध करवाना

***1055. श्री बलराज कुण्डू, एम०एल०ए० :** क्या उप–मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि निजी सैक्टरों में राज्य के निवासियों को 75 प्रतिशत नौकरी उपलब्ध करवाने की योजना सरकार द्वारा बनाई गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त योजना के लागू होने के बाद राज्य में कितनी नई कम्पनियां स्थापित की गई हैं तथा राज्य के कितने बेरोजगार युवाओं को अब तक 75 प्रतिशत आरक्षण के उपबंध के अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध करवाया गया है ?

---

## निजी भवनों में चल रहे कार्यालयों का ब्यौरा

***1093. श्री बिशम्बर सिंह, एम०एल०ए० :** क्या चिकित्सा शिक्षा मंत्री कृपया बताएंगे कि राज्य में निजी भवनों में चल रहे हरियाणा चिकित्सा शिक्षा विभाग के कार्यालयों का ब्यौरा क्या है तथा उक्त भवनों के मालिकों के नाम क्या हैं; तथा उनके किराए तथा स्थान का ब्यौरा क्या है?

---

## अप्रचलित पानी आपूर्ति तथा सीवरेज प्रणाली को बदलना

***905. डॉ० कमल गुप्ता, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या हिसार शहर में अप्रचालित पानी आपूर्ति तथा सीवरेज प्रणाली को बदलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

---

## आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय खोलना

***851. श्री लक्ष्मण सिंह यादव, एम०एल०ए० :** क्या आयुष मंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या गांव भाकली में एक आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त महाविद्यालय कब तक खोले जाने की संभावना है ?

---

## जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए भंडारण का निर्माण करना

***978. श्री जोगी राम सिहाग, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि क्या बरवाला शहर में जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए भंडारण का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा उसका ब्यौरा क्या है?

---

## जलघरों की कार्य पद्धति

***857. श्रीमती किरण चौधरी, एम०एल०ए० :** क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि–

(क) क्या यह तथ्य है कि गत् छः महीनों से रिसाव के कारण गांव खरया बास, मदाना सिमली बास तथा मनसरवा के जलघर कार्य नहीं कर रहे हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त जलघर को कब तक कार्यात्मक बनाए जाने की संभावना है ?

---

राजेन्द्र कुमार नांदल,
सचिव,
हरियाणा विधान सभा।

चण्डीगढ़ :
दिनांक 12 मार्च, 2021.

58157—H.V.S.—H.G.P., Chd.